# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# गुस्साए लोककलाकारों ने उदयशंकर नाट्य अकादमी में जड़ा ताला

विरोध

## लोक कलाकारों ने तालाबंदी कर संयुक्त निदेशक सूचना को रोका

संवाददाता

अल्मोड़ा। बगैर काम व प्रोत्साहन के ऑडिशन से गुस्साए लोककलाकारों ने उदयशंकर नाट्य अकादमी में ताला जड़ दिया। देहरादून से पहुंचे संयुक्त निदेशक (सूचना एवं लोकसंपर्क विभाग) केएस चौहान को सभागार में नहीं जाने दिया गया। सभा के बीच दो लोककलाकारों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया। तल्ख तेवर देख जिला प्रभारी मंत्री बिशन सिंह चुफाल ने भारी विरोध को देख ऑडिशन छह माह के लिए स्थगित करने का फरमान जारी कर दिया। इस पर लोक कलाकारों ने बेमियादी आंदोलन व अनशन फिलहाल स्थगित कर दिया।

उदयशंकर नाट्य अकादमी में मंगलवार से ऑडिशन होने थे। मगर लोककलाकार पहले ही विरोध करते आ रहे थे। उनका तर्क था कि कोरोनाकाल में डेढ़ वर्ष तक विभाग से काम ही नहीं मिला। आर्थिक तंगी झेल रहे दलनायकों व कलाकारों की सरकार ने भी सुध नहीं ली। ऑडिशन के बाद भी उन्हें रोजगार मिलेगा इस पर संशय बना है। वहीं रोजगार की तलाश में तमाम कलाकार पलायन भी कर गए हैं। ऐसे में उन्हें ऑडिशन के लिए तैयार करना मुश्किल है। इसके बावजूद सूचना एवं लोकसंपर्क विभाग ऑडिशन पर अड़ा रहा।



मंगलवार को बागेश्वर जिले के लोककलाकारों का ऑडिशन होना था। मगर तालाबंदी व विरोध के चलते ऑडिशन शुरू ही नहीं हो सका। हालांकि संयुक्त निदेशक चौहान ने कलाकारों को समझाने का भरसक प्रयास किया। पर वह नहीं माने। आमरण अनशन पर मोहन राम व धर्म सिंह नगी बैठ गए। युवा जनसंघर्ष मंच संयोजक मनोज बिष्टड्ढ, पूर्व दर्जामंत्री व कलाकार बिट्टू कर्नाटक व राजेंद्र तिवारी भी समर्थन में उतर आए।

सर्किट हाउस जा धमके लोककलाकार दोपहर लोककलाकार सर्किट हाउस जा धमके, जहां जिला प्रभारी व पेयजल मंत्री बिशन सिंह चुफाल विभागीय समीक्षा लेने पहुंचे थे। लोककलाकारों ने जोरशोर से व्यथा सुनाई। ऑडिशन के बजाय पहले उन्हें कुछ काम दिलाए जाने का मुद्दा उठाया। इस पर चुफाल ने छह माह के लिए ऑडिशन स्थगित करने की बात कही।

## न्यूज डायरी

### कक्षा नौ के छात्र की मौत, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

**संवाददाता** गदरपुर (ऊधमसिंह नगर)। स्कूल में छात्रों के बीच हुए विवाद के बाद स्कूल में गिरने से एक छात्र की मौत हो गई। घटना के बाद स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। छात्र की मौत से स्वजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली, साथ ही हादसे का पता लगाने के लिए पुलिस स्कूल में लगे सीसीटीवी की फुटेज की जांच कर रही है। ग्राम मजरा शीला निवासी विवेक सिंह (14) पुत्र राम सिंह विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र था। मंगलवार सुबह विवेक आठ बजे स्कूल पहुंचा। सुबह 11रू15 बजे जब पांचवां पीरियड खत्म हुआ तो शिक्षिका अंजलि क्लास रूम से बाहर निकली। वह कुछ दूर ही पहुंची थी कि क्लास से शोरगुल होने पर वापस पहुंच गई। जहां पर विवेक गिरा पड़ा था।

### एक्सॉन मोबिल ने अपनी सिंथेटिक इंजन ऑयल की रेंज का किया विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। एक्सॉनमोबिल कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने मोबिल सुपर ऑल–इन–वन प्रोटेक्शन एसयूवी प्रो सिंथेटिक इंजन ऑयल लॉन्च करने की घोषणा की। यह लॉन्च ऐसे समय में किया गया है, जब स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों की बिक्री में उछाल आया है। यह नए यात्री वाहनों की बिक्री का लगभग एक तिहाई हिस्सा है। एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के चीफ एक्जिक्यूटिव ऑफीसर दीपांकर बनर्जी ने कहा, "लोग अब शहरों के घने ट्रैफिक में आसानी से चलने, खराब मौसम से निपटने और ऊबड़–खाबड़ सड़कों पर ड्राइविंग के लिए एसयूवी को ज्यादा से ज्यादा अपना रहे हैं।

### कोविड–19 की आर्थिक मंदी से व्यवसायियों को उभारेगा अमेजन

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन सेलर्स भर्ती, प्रशिक्षण, ढांचागत सपोर्ट और नए उत्पाद के लॉन्च में निवेश की योजना बना रहे हैं। 21 सिटी सर्वे के बाद अमेजन इंडिया के मार्केटप्लेस ने बिक्री करने वाले छोटे व एसएमबी की आगामी त्योहारों के सीजन से अपेक्षाओं को समझने के लिए एक अध्ययन के परिणाम जारी किए। यह अध्ययन अंग्रेजी भाषा में और क्षेत्रीय भाषाओं में नीलसन ने 30 अगस्त से 09 सितंबर के बीच अमेजन. इन पर रजिस्टर्ड लगभग 2000 (1965) विक्रेताओं के बीच किया गया। इंग्लिश और क्षेत्रीय भाषाओं में किए गए इस अध्ययन में भारत के 21 शहरों के विक्रेता शामिल थे। दिल्ली एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बैंगलोर, पुणे, अहमदाबाद, लखनऊ, लुधियाना, इंदौर, नागपुर, कोयम्बटूर, कोच्चि, पटना, जयपुर, राजकोट, मैसूर, गुवाहाटी, विजाग और भुवनेश्वर में सर्वे किया गया।

# मासूम को निवाला बनाने वाला गुलदार बहत्तर घंटे के बाद पिंजरे में कैद

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।** पिथौरागढ़। जिले में बीते रविवार को आतंक का पर्याय बने गुलदार को वन विभाग द्वारा मंगलवार सुबह पिंजरे में कैद कर लिया गया। बता दें कि जिले में बीते रविवार को बजेटी वार्ड के पाटा क्षेत्र में गुलदार के बढ़ते आतंक व हमले से इलाके के ग्रामीण दहशत के साये में जीने को मजबूर हो रहे थे। पकड़े गये गुलदार के पिंजरे में कैद होते ही गांव के ग्रमीणों का जमावड़ा लग गया।

वन महकमे के वन रेंजर दिनेश चंद्र जोशी ने बताया कि ये वही गुलदार है जिसने आठ साल की मासूम को निवाला बनाया था। वहीं जिले के ग्रामीण इलाकों में आंतक का र्प्याय बने गुलदार के हमले में अब तक दो लोग मौत के घाट उतारे जा चुके है और एक स्थानीय ग्रामीण गुलदार के हमले में घायल हो चुका है।

### वन महकमे व ग्रमीणों ने ली चैन की सांस

इलाके के ग्रमीणों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीण वन महकमें से क्षेत्र में पिंजरा मंगाने की मांग कर रहे थे। वही तीन दिन की कड़ी मशक्कत के बाद आतंक का पर्याय बन चुका गुलदार वन महकमें द्वारा जिस जगह पर आठ साल की मासूम को गुलदार ने निशाना बनाया उसी जगह पर पिजरा लगाया गया था।

मंगलवार सुबह आतंक का पर्याय बन चुका गुलदार काफी लंबी जद्दोजहद के बाद पिजरें में कैद में हो ही गया। वही गांव के ग्रमीणों व वन महकमें ने गुलदार के पकड़े जाने पर राहत की सांस ली है।



## सीएम से पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने भेंट की। डीजीपी ने मुख्यमंत्री को राज्य में कानून व्यवस्था से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों से अवगत कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए कि ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया जाय कि अनावश्यक रूप से वाहन चालकों को परेशान न किया जाय।

# जिलाधिकारी से की शीघ्र वन भूमि हस्तांतरित करने की मांग

**संवाददाता** पुरोला। विकासखंड मोरी के गोविन्द पशु विहार क्षेत्र फतेपर्वत पट्टी के हिमाचल प्रदेश की डोडरा क्वार तहसील से लगे बरी सेवा गांव के ग्रामीण मोटर मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर पुरोला पहुंचे तथा तहसील में धरना दिया। उन्होंने जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में शीघ्र वन भूमि हस्तांतरित करने की मांग की है।

हिमाचल प्रदेश की डोडरा क्वार तहसील से लगे मोरी ब्लाक के सुदूरवर्ती सेवा,बरी गांव के ग्रामीण लम्बे समय से मोटर मार्ग निर्माण की मांग कर रहे है लेकिन मार्ग निर्माण न होने से आक्रोशित ग्रामीण गाजे बाजो के साथ पुरोला पहुंचे तथा जुलूस प्रदर्शन कर लोनिवि



के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील मे धरना दिया। उन्होंने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन मे कहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई धौला से बरी सेवा डोखरी तक 13 किमी मोटर मार्ग की घोषणा को शासन से स्वीकृति भी मिल गई है। राजस्व एवं वन विभाग ने यहां संयुक्त निरीक्षण भी कर दिया है जिसमें वन भूमि एवं डम्पिंग जोन हेतु वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव गठित किया जाना है इस प्रस्ताव में दोगुने क्षेत्रफल में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु सिविल सोयम भूमि की आवश्यकता है लेकिन संबंधित विभागो द्वारा इसमें कोई भी कार्रवाई नही की जा रही है।

उन्होने जिलाधिकारी से 18–065हेक्टेयर सिविल सोयम भूमि चयनित कराने हेतु सक्षम अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने उपरोक्त मांग को लेकर तहसील परिसर में धरना भी दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सेवा रामोद,ग्राम प्रधान बरी सुन्नी देवी,ग्राम प्रधान दोणी अंकुश,प्रकाश कुमार, पूर्व प्रधान थम्पी सिंह, रोशन भारती,सुरती लाल,जगदीश, पुलम दई,शांता,सुनीता देवी,शांता,पुलम देवी,इंदरा आदि मौजूद थे।

## विधायक द्वाराहाट से रंगदारी मांगने वाला कोलकाता से गिरफ्तार

**संवाददाता** द्वाराहाट (अल्मोड़ा)। विधायक महेश नेगी को चार माह पूर्व धमकी व ब्लैकमेल करने वाला आखिरकर कानून के शिकंजे में आ ही गया। अल्मोड़ा पुलिस ने कोलकाता में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। शातिर युवक अरसे से इंटरनेट मीडिया के जरिये महत्वपूर्ण लोगों के विवादों में घिरे होने की जानकारी जुटाता था। फिर उनके वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी दे बड़ी रकम मांगता था। इस बार उसने विधायक महेश पर भी दांव आजमाया पर दबोच लिया गया। विधायक ने पुलिस टीम को दस हजार व एसएसपी ने भी नकद पुरस्कार की घोषणा की है। मामला बीती 20 मई का है। विधायक महेश नेगी को अनजान व्यक्ति ने फोन कर उनका एडिट किया हुआ वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी दी थी। इसके एवज में 50–60 लाख रुपये रंगदारी मांगी। इस पर विधायक ने कुछ जानकारी जुटा मोबाइल नंबर पुलिस को दिए।